Tirupati Balaji Group / Established 2009 / Ghaziabad
R.N.I No. UPBIL/2009/28691, DAVP Code: 101473

Page 8 / Price Rs. 2.00 / Ghaziabad, Sunday, 20 December 2020
Postal Registration No. UP/GBZ-80/2016-18

# TIRUPATI BALAJI CHRONICLE

Vol./Year-12 Issue - 29

Hindi / English (Bi-Lingual) Weekly Ghaziabad
केन्द्र एवं उ0प्र0 सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त

www.tbcgzb.com

**News of the Week**

भारत में भी हर रोज कोविड–19 के मामले बढ़ रहे हैं। संक्रमितों की संख्या 1,01,46,845 हो गई है। वहीं मृतकों की संख्या बढ़कर 1,46,756 हो गई है। भारत में एक दिन में कोविड–19 के करीब 24,712 नए मामले सामने आ रहे है।

**Inside Ghaziabad**

**पेज नंबर 2**
जब मंत्री सुरेश खन्ना ने कृषि कानून के बताए फायदे

**पेज नंबर 7**
First flight from Noida airport likely by Dec 2023...

# गाजियाबाद में तीन चरणों में लगेगी कोरोना वैक्सीन, शासन ने भेज दी है गाइडलाइंस

## पहले चरण में हेल्थ वर्कर्स होंगे शामिल, दूसरे चरण में अन्य फ्रंट लाइन वर्कर्स का होगा वैक्सीनेशन

गाजियाबाद : कोरोना की वैक्सीन के लिए शासन स्तर से पूरी गाइडलाइंस जारी कर दी गई है। अपर मुख्य सचिव (चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण) ने जिलाधिकारी और सीएमओ को गाइडलाइंस भेज दी है। गाइडलाइंस के मुताबिक तीन चरणों में टीकाकरण किया जाएगा। तहसील स्तर पर उप जिलाधिकारी के नेतृत्व में टीटीएफ (तहसील टास्क फोर्स) का गठन किया जाएगा। जिलाधिकारी अजय शंकर पांडेय ने बताया कि तैयारी शुरू कर दी गई है। पहले चरण में हेल्थ वर्कर्स का टीकाकरण किया जाएगा। सीएमओ के अनुसार सरकारी स्वास्थ्य विभाग में 4000 और निजी में 16500 लोग चिहिन्त किए गए है। सूत्रों के अनुसार केंद्र सरकार जल्द ही घोषणा कर सकती है। इसके बाद जनवरी के पहले सप्ताह में टीकाकरण शुरू कर दिया जाएगा।



### दूसरे और तीसरे चरण की भी पूरी तैयारी

दूसरे चरण में अन्य विभागों, राज्य एवं केंद्रीय पुलिस विभाग, सशस्त्र बल, होमगार्ड, जेल कर्मचारी, आपदा प्रबंधन एवं नगर पालिकाओं के फ्रंट लाइन वर्कर्स को शामिल किया जाएगा। तीसरे चरण में 50 वर्ष से अधिक आयु के समस्त लोगों तथा 50 वर्ष से कम डायबिटीज, सांस रोगी, कैंसर, उच्च रक्तचाप आदि रोगों से ग्रसित व्यक्तियों का टीकाकरण किया जाएगा। टीकाकरण के लिए जिले में 80 वैक्सीनेशन साइट चिहिन्त है।

### एक चरण में दो सप्ताह लगेंगे




हेल्थ केयर वर्कर के टीकाकरण हेतु प्रत्येक सप्ताह दो टीकाकरण सत्र आयोजित होंगे। पहले चरण का वैक्सीनेशन सोमवार, शुक्रवार और अगले सप्ताह के सोमवार को किया जाएगा। यदि कोई बचा तो उसको टीका अगले सप्ताह के शुक्रवार को लगेगा।

### सीडीओ ने वैक्सीन स्टोर का किया निरीक्षण

कोरोना वैक्सीनेशन की तैयारी को लेकर प्रशासनिक अधिकारी भी लगातार नजर बनाए हुए है। मंगलवार को सीडीओ अस्मिता लाल ने जिला एमएमजी अस्पताल स्थित जिला वैक्सीन स्टोर का निरीक्षण किया। उन्होंने वैक्सीन को लेकर पूरी व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए।

### ब्लाक स्तर पर ट्रेनिंग

शासन से निर्देश दिए गए है कि



हर हाल में वैक्सीनेशन के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम को 27 दिसंबर तक पूरा कर लिया जाए। ब्लाक स्तर पर तैनाती के अलावा दस प्रतिशत अतिरिक्त अधिकारियों, कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिससे आपात स्थिति में कोई दिक्कत न हो।

**TIRUPATI EYE**

### डाकघर घोटाले में अब सुनवाई 21 जनवरी को

गाजियाबाद : वर्ष 2015 में डाकघर में हुए 1.64 करोड़ के घोटाले में सीबीआइ द्वारा पेश किए गए आरोप पत्र का विशेष अदालत ने संज्ञान लिया। सीबीआइ के विशेष न्यायाधीश जगदीश प्रसाद–5 की अदालत की सभी आठ आरोपितों के खिलाफ समन जारी करने के आदेश दिए। अब मामले में सुनवाई 21 जनवरी को होगी। सीबीआइ के लोक अभियोजक ने बताया कि वर्ष 2015 में डाकघर 1.64 करोड़ रुपये का घोटाला हुआ था। फर्जी तरीके से खाता धारकों व डाक विभाग को नुकसान पहुंचाया गया था। मामले में गाजियाबाद स्थित प्रधान डाकघर के तत्कालीन सहायक अधीक्षक राजीव कुमार श्रीवास्तव ने एफआईआर दर्ज कराई थी।

### दुष्कर्मी को अदालत ने सुनाई उम्रकैद की सजा

गाजियाबाद : साढ़े चार वर्षीय मासूम बच्ची से दुष्कर्म के दोषी को विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट की अदालत ने उम्र कैद की सजा सुनाई। साथ में एक लाख रुपये जुर्माना भी लगाया। मामला इंदिरापुरम थानाक्षेत्र का है। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता उत्कर्ष वत्स ने बताया कि वर्ष 2015 में इंदिरापुरम थानाक्षेत्र में साढ़े चार वर्षीय बच्ची से स्कूल में दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। स्कूल बस के ड्राइवर ने घटना की थी और किसी को बताने पर बच्ची को पीटने व जान से मारने की धमकी दी थी। इसके चलते बच्ची डरी सहमी रहती थी। कई दिनों बाद बच्ची ने स्वजन को घटना की जानकारी दी।

**BUREAU OFFICE**
**PRATEEK BHARGAVA**
**Bureau Chief**
12/516, Friends Co-operative Society Vasundhra, Ghaziabad (UP)
Mobile +91 8130640011
Email : prateekb@tbcgzb.com
www.tbcgzb.com
Contact for Press Release and Advertisements

## सरकार झुके तो हम अपनों को दो फीसद ज्यादा झुका लेंगे : नरेश टिकैत



साहिबाबाद : यूपी गेट पर चल रहे किसान आंदोलन में बुधवार को भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश टिकैत पहुंचे। उन्होंने किसानों की सभा को संबोधित करते हुए कहा कि हम जिद वाली बात नहीं कर रहे हैं। सरकार झुके, अपनों को हम दो फीसद ज्यादा झुका लेंगे। नरेश टिकैत ने कहा कि सरकार हठ न करे। अगर मान सम्मान की बात सरकार की है, तो किसानों की भी है। हम पहले से ही कह रहे हैं कि दो कदम सरकार पीछे हटे और दो कदम हम पीछे हट जाएंगे। उन्होंने किसानों से कहा कि सरकार फूट डालने का काम कर रही है, अगर वह सफल रही, तो यह आखिरी आंदोलन होगा। इसके बाद हक के लिए कोई आंदोलन नहीं कर सकेगा। इसलिए हमें सभी को जोड़कर रखना है।

## Sealed zones in Ghaziabad down by 35% in 2 months, says health dept

**GHAZIABAD:** The city has seen a dip of 35% in the number of containment zones in the past two months. While Ghaziabad had 220 containment zones on October 12, the number fell to 143 on December 7. Indirapuram has been leading the list of areas where the maximum containment zones have been reported during this period. The data, prepared on the basis of sealing recommendations sent by the chief medical officer and sealing orders issued by incident commanders, revealed that of the total 220 containment zones on October 12, as many as 58 alone from Indirapuram, which had with 247 active Covid-19 cases at that time. This number rose to 75 within a week's time, with 369 active cases in Indirapuram. But, since then, the area has witnessed a gradual decrease in containment



zones. According to official figures, Indirapuram had 33 containment zones and 193 active cases on December 7. Apart from Indirapuram, a high number of Covid cases and thus a large number of containment zones have been consistently reported from areas like Kavi Nagar, Sahibabad, Vijay Nagar and Kaushambi. Of 24,826 Covid cases reported in the district so far, 3,135 were from Indirapuram alone, while as many as 2,753 cases were reported from the Carte area comprising Kavi Nagar, Shastri Nagar and Nehru Nagar, among others.

# दुर्घटनाएं रोकने को रिफ्लेक्टर पट्टी लगवाने का अभियान शुरू



गाजियाबाद : सर्दियों में कोहरे के कारण होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए परिवहन विभाग ने माल वाहक वाहनों पर रिफ्लेक्टर पट्टी लगाने के लिए एक हफ्ते का अभियान शुरू किया है। मंगलवार को मोदीनगर शुगर मिल से अभियान की शुरुआत की गई। इस दौरान परिवहन विभाग के अफसरों के अलावा यातायात पुलिस व मिल प्रबंधन के अधिकारी मौजूद रहे। वरिष्ठ एआरटीओ प्रवर्तन राकेंद्र कुमार ङक्षसह ने बताया कि अभियान के पहले दिन मोदीनगर शुगर मिल में 143 माल वाहक वाहनों व ट्रालियों पर रिफ्लेक्टर पट्टी लगवाई गई। मोदीनगर शुगर मिल के अलावा गाजियाबाद स्थित लोहा मंडी, गोविंदपुरम व साहिबाबाद मंडी के पास शिविर लगाकर माल वाहक वाहनों पर रिफ्लेक्टर पट्टी लगवाई जाएगी। इसके अलावा जिले में प्रमुख चौराहे व तिराहे पर भी माल वाहक वाहनों पर रिफ्लेक्टर पट्टी लगवाई जाएगी।

# जब मंत्री सुरेश खन्ना ने कृषि कानून के बताए फायदे



गाजियाबाद : पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह ने अपने संपूर्ण जीवन में किसान, खेती और गांव का प्राथमिकता दी। वह चाहते थे कि किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत हो, इसी दिशा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी कार्य कर रहे हैं। उन्होंने किसानों की आय दोगुनी करने के उद्देश्य से तीन कृषि कानून बनाए हैं। जबकि विपक्षीदल किसानों को मोहरा बनाकर अपना उल्लू सीधा करना चाहते हैं। केंद्र और राज्य ने उनको नकार दिया, कोई जनाधार नहीं है। यह बात बुधवार को उत्तर प्रदेश के वित्त, संसदीय कार्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री एवं गाजियाबाद के प्रभारी मंत्री सुरेश खन्ना ने किसान दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट में आयोजित कार्यक्रम में कही। तीनों कृषि कानून के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि नए कानून में एक तरफ किसानों को जहां उद्यमी की तरह अपनी फसल देश में कहीं भी बेचने का अधिकार दिया गया है तो दूसरी तरफ आध ुनिक तकनीक का इस्तेमाल कर खेती को बढ़ावा दे सकते हैं। परंपरागत खेती करने में पैदावार, मुनाफा, आय कम होती है। इसलिए आधुनिक तकनीक और कॉन्ट्रैक्ट फार्मिंग जरूरी है। किसान को जमीन का नहीं फसल कॉन्ट्रैक्ट करना है। उन्होंने कहा कि किसान जब चाहें कॉन्ट्रैक्ट से बाहर निकल सकते हैं। बीज, पानी, खाद की व्यवस्था कंपनी द्वारा की जाएगी। कांट्रैक्ट फार्मिंग से रिस्क कंपनी का फायदा किसानों का होगा। विपक्षियों पर कड़ा प्रहार करते हुए उन्होंने कहा कि जबरदस्ती झूठ बोलकर, फरेब करके, गुमराह करके किसानों को आगे कर रहे हैं। जबकि कॉन्ट्रैक्ट फार्मिंग की बात कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में की थी, आज आलोचना कर रही है।

## रिश्वतकांड में अदालत ने आरोप पत्र का संज्ञान लिया

गाजियाबाद : मेरठ में रिश्वत लेते हुए रंगेहाथ पकड़े गए मिलिट्री इंजीनियरिंग सर्विस (एमइएस) के इंजीनियर के मामले में सीबीआइ ने विशेष अदालत में आरोप पत्र पेश किया। अदालत ने आरोप पत्र का संज्ञान लेकर आरोपित को नोटिस जारी कर दिया है। मामले में अगली सुनवाई छह जनवरी को होगी। यह जानकारी सीबीआइ के लोक अभियोजक ने दी। उन्होंने बताया कि मेरठ में तैनात एमइएस इंजीनियर बीवी प्रसाद रेड्डी ने ठेकेदार पुनीत गोयल से भुगतान कराने के एवज में 65 हजार रुपये रिश्वत मांगी थी। मामले में पुनीत गोयल ने सीबीआइ से शिकायत की थी। इसके बाद गत फरवरी माह में सीबीआइ ने 40 हजार रुपये लेकर ठेकेदार को बीवी प्रसाद रेड्डी के पास भेजा था और रिश्वत लेते ही उन्हें रंगेहाथ दबोच लिया था।

# कवि सम्मेलन : ... मुझे पता है मेरी आस्तीन में क्या है



गाजियाबाद । हिंदी भवन में कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कवियों ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं की खूब तालियां बटोरीं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश के राज्यमंत्री अतुल गर्ग रहे। शायर गोविंद गुलशन ने यकीन कीजिए किस पर, यकीन में क्या है। मुझे पता है मेरी आस्तीन में क्या है, सुनाया तो पूरा भवन तालियों की आवाज से गूंज उठा। कवयित्री अंजू जैन ने समस्याओं को उलझाएंगे उनका हल नहीं देंगे, ये निश्चित है हमें पथ कोई भी समतल नहीं देंगे सुनाकर खूब वाहवाही लूटी। शायर राज कौशिक को इन शेर पर जमकर दाद मिली– सजे हैं नाचने को सब मगर किस्मत का लेखा है, कहीं घुंघरू नहीं बजते, कहीं आंगन ही टेढ़ा है। राज कौशिक की पिता को समर्पित गजल के ये शेर भी खूब पसंद किए गए– बुरा है जो भी मुझमें कुछ, वो नादानी फकत मेरी जो अच्छा है, सभी वो गुण पिताजी के बताते हैं। सहारा कुछ कभी तंगी में पाया तो लगा ऐसे, पिताजी स्वर्ग में जाकर भी मेरा घर चलाते हैं। शायर अनिमेष शर्मा ने सुनाया दुनिया भर का जोड़ घटाना छोड़ दिया हमने, चुप रहते हैं शोर मचाना छोड़ दिया हमने। शायरा डा. तारा गुप्ता की इन पंक्तियों को काफी सराहा गया –बीज बोया प्रीति का फिर अंकुरण होने लगा, यूं तो आंखें बंद थीं पर जागरण होने लगा। कवयित्री नंदिनी श्रीवास्तव के ये शेर बहुत सराहा गया– फिर तेरी याद का उजाला है, रात भर हमने दिल संभाला है। इस मौके पर हिंदी भवन समिति के अध्यक्ष ललित जायसवाल और महासचिव सुभाष गर्ग ने भी विचार रखे।

## बेटे के नामकरण में जा रहे युवक को ट्रक ने कुचला, मौके पर ही मौत

गाजियाबाद : थाना कविनगर क्षेत्र में लालकुआं चौकी के सामने बस का इंतजार कर रहे युवक को ट्रक ने कुचल दिया। इसके बाद आरोपित चालक ट्रक को छोड़कर मौके से फरार हो गया। हादसा रविवार देर रात करीब 11 बजे का है। एसएचओ कविनगर अजय कुमार ने बताया कि मृतक की पहचान मैनपुरी के भोगांव थाना क्षेत्र में रहने वाले दिनेश दुबे के रूप में हुई है। वह गुरुग्राम स्थित एक सिक्योरिटी कंपनी में कार्यरत थे। थाना कविनगर में रिपोर्ट दर्ज कराने वाले दिनेश के रिश्तेदार कमलेश द्विवेदी ने बताया कि दिनेश का परिवार मैनपुरी में ही रहता है। 10 दिन पहले उनकी पत्नी ने बेटे को जन्म दिया था। सोमवार को बच्चे का नामकरण था, जिसमें शामिल होने दिनेश घर जा रहे थे।

# लकी–ड्रा का झांसा देकर की ठगी, खाते से दो लाख रुपये निकाले

गाजियाबाद : सस्ता स्मार्टफोन बुक करने के बाद लकी ड्रा का झांसा दे ठग ने युवक के खाते की जानकारी ले ली और फिर तीन दिन में करीब दो लाख रुपये की ट्रांजेक्शन कर लीं। ठग ने पीड़ित के खाते में पैसे जमा कराए और फिर निकाल भी लिए। क्लाइंट के भेजे पांच हजार रुपये भी निकाल लिए। फर्जीवाड़े का पता चलने पर पीड़ित ने थाना सिहानी गेट में शिकायत दी है। सद्दीकनगर सिहानी में रहने वाले अमित कुमार वर्मा कचहरी में कार्यरत हैं। 15 दिसंबर को उनकी पत्नी ने सिमसिम कंपनी का एक एड फेसबुक पर देखा, जिसमें चार जीबी रैम का फोन सात हजार रुपये में खरीदने का आफर दिया गया था। पत्नी के कहने पर उन्होंने फोन बुक कर दिया। अगले ही दिन उनके पास फोन आया। कालर ने खुद को सिमसिम कंपनी से बता कहा कि अमित का मोबाइल नंबर लकी ड्रा में चयनित हुआ है। 12.60 लाख रुपये या सफारी कार में से कोई एक आफर ले सकते हैं। टैक्स के नाम पर फीस भरने की बात कही तो अमित ने पहले अपने खाते में रुपये डालने को कहा। कालर ने रुपये डालने के नाम पर पहले अमित के एसबीआइ खाते की जानकारी ली और फिर डेबिट कार्ड की फोटो मंगा ली। झांसे में लेकर ओटीपी पूछ लिया। इसके बाद उनके मोबाइल पर कोई मैसेज नहीं आया। एसएचओ सिहानी गेट कृष्ण गोपाल शर्मा का कहना है कि रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# जल्द ही सभी विभागों का एक कंट्रोल रूम

### कंट्रोल रूम से जुडने वाले विभाग

चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, शिक्षा, पुलिस, कार्मिक विभाग एवं जिला प्रशासन, विद्युत निगम, नगर निगम, खाद्य एवं रसद, आपदा एवं राहत, जनसंपर्क एवं सूचना प्रोद्योगिकी, अग्नि शमन, आपातकालीन सेवाएं, सोशल वेलफेयर विभाग, कृषि विभाग, प्रदूषण, सूचना विभाग, मेडिकल स्टोर, चिकित्सा उपकरण इकाइयां, आवश्यक वस्तु एवं खाद्य सामग्री, रेलवे, परिवहन, उद्योग, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण, जल निगम।

गाजियाबाद : अब तक प्रत्येक विभाग का अपना एक अलग कंट्रोल रूम होता है। लोगों को शिकायत या जानकारी करने के लिए संबंधित विभाग के कंट्रोल रूम के नंबर पर फोन करना होता है लेकिन अब यह झंझट जल्द खत्म होगा। एक ही नंबर पर कॉल करने पर सभी विभाग से संपर्क साधा जा सकेगा। अलग–अलग नंबर नहीं डायल करने होंगे। जिले का एक अलग कंट्रोल रूम बनाया जाएगा। जिसके लिए स्थानीय प्रशासन को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से हरी झंडी भी मिल गई है। जिलाधिकारी अजय शंकर पांडेय ने बताया कि कोरोना वायरस की रोकथाम के उद्देश्य से गाजियाबाद जिला प्रशासन ने प्रदेश में सबसे पहले कोविड–19 इंटीग्रेटेड कंट्रोल रूम की स्थापना की। जिसकी वजह से एक तरफ कोरोना वायरल की रोकथाम करने में मदद मिली तो दूसरी तरफ कामगारों को घर भेजने और लॉकडाउन में आने वाली परेशानियों से जनपद के निवासियों को छुटकारा दिलाया गया। इसे देखते हुए सामान्य दिवस में भी एक जिले का एक कंट्रोल रूम बनाने का निर्णय लिया गया है। जिलाधिकारी के निर्देश पर नगर आयुक्त महेंद्र सिंह तंवर ने इंटीग्रेटेड कंट्रोल रूम का प्रस्ताव तैयार किया है। जिससे सभी विभाग को जोड़ा जाएगा। लोग कंट्रोल रूम के हेल्पलाइन नंबर पर कॉल करेंगे, इसके बाद जिस विभाग से जुड़ा मामला होगा उस विभाग के कर्मचारियों के पास कॉल ट्रांसफर कर दी जाएगी। जिलाधिकारी अजय शंकर पांडेय ने बताया कि जल्द ही जिले का एक कंट्रोल रूम होगा तो जनपद के निवासियों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। इसी उद्देश्य से जल्द ही एक इंटीग्रेटेड कंट्रोल रूम बनाया जाएगा। कंट्रोल रूम से संबंधित हेल्पलाइन नंबर जल्द ही जारी किए जाएंगे।

# पार्षदों का चुनाव कराने का सपना टूटा, निर्विरोध चुने गए छह सदस्य

**नगर निगम कार्यकारिणी**



गाजियाबाद : कोरोना काल में मंगलवार को नगर निगम कार्यकारिणी के 6 सदस्यों का चुनाव निर्विरोध संपन्न हो गया। इसके साथ ही कई दिनों से चुनावी रणनीति बनाने में जुटे कई पार्षदों का चुनाव कराए जाने का सपना भी टूट गया। निर्विरोध चुने गए सदस्यों में भाजपा से मीनल रानी(वार्ड–2) ,अभिषेक चौधरी (वार्ड–52), हरबीर सिंह (वार्ड–29) और यशपाल सिंह (वार्ड–10) शामिल हैं। कांग्रेस से जाकिर अली सैफी (वार्ड–95) और बसपा से दिलशाद मलिक (वार्ड–44) भी कार्यकारिणी सदस्य चुने गए हैं। हिंदी भवन में नामांकन की प्रक्रिया सुबह 10:30 बजे से शुरू की गई। चुनाव प्रक्रिया पूरी कराने के लिए बुलाई गई बैठक की अध्यक्षता मेयर आशा शर्मा ने की और संचालन अपर नगरायुक्त प्रमोद कुमार ने किया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी मोइनुददीन ने बताया कि चुनाव निर्विरोध संपन्न हुआ है। इस दौरान नगर आयुक्त महेंद्र सिंह तंवर के अलावा एमएलसी दिनेश गोयल भी सदन में मौजूद रहे। चुनाव शुरू होने पर कुल सात पार्षदों ने नामांकन पत्र खरीदे। जमा करते समय केवल छह रह गए। समाजवादी पार्टी के पार्षद मोहम्मद कल्लन (वार्ड–34) ने नामांकन दाखिल नहीं किया। सदन में पर्चा दाखिल न किए जाने को लेकर खूब चर्चा होती रही। चर्चा रही कि सपा के पार्षद आशिफ चौधरी के कहने पर उन्होंने पर्चा जमा न करने का निर्णय लिया। नामांकन पत्र लेने की प्रक्रिया 11 बजे तक चली।

## 57 पार्षद ही पहुंचे चुनाव में

नगर निगम का पार्षद बनने के लिए बेशक प्रत्येक वार्ड से नेता खूब जोड़–तोड़ करते हों लेकिन बोर्ड बैठक हो,कार्यकारिणी की बैठक हो या फिर अहम चुनाव ,अधिकांश पार्षद इनमें हिस्सा लेने नहीं पहुंचते हैं। मंगलवार को कार्यकारिणी चुनाव बेशक निर्विरोध संपन्न हो गया हो लेकिन वोटिंग होने लगती तो केवल 57 पार्षद ही वोट डाल पाते। दरअसल सदन में 43 पार्षद गैर हाजिर रहे। 57 की संख्या में दस नामित सदस्यों का योगदान रहा।

## दो पार्षदों में नोक–झोंक

पार्षद राजीव शर्मा और अनिल स्वामी के बीच खूब नोक–झोंक हुई। हुआ यूं कि पार्षद राजीव शर्मा एक सदस्य के प्रस्तावक थे लेकिन निर्णय हुआ कि सदन के उपनेता राजेंद्र त्यागी और मुख्य सचेतक हिमांशु मित्तल ही मंच पर जाएंगे। इस पर राजीव शर्मा द्वारा आपत्ति दर्ज की तो अनिल स्वामी ने मुस्कराकर टिप्पणी कर दी। राजीव शर्मा को लगा कि उनके ऊपर कटाक्ष किया गया है। दोनों के बीच तीखी नोक–झोंक होती रही।

## पहली बार कविनगर जोन का कोई पार्षद नहीं चुना गया

कार्यकारिणी में पहली बार कविनगर जोन के किसी भी पार्षद को मौका नहीं मिला है। दो सदस्य विजयनगर जोन से,दो मोहननगर जोन से, एक वसुंधरा जोन और एक सिटी जोन से सदस्य चुने गए हैं। भाजपा की कोर कमेटी में फाइनल किए नामों को ही आगे बढ़ाया गया है।

# एसडीएम ने गोशाला का किया निरीक्षण



गाजियाबाद : डासना स्थित निडौरी गोशाला का मंगलवार को एसडीएम सदर देवेंद्र पाल सिंह ने निरीक्षण किया। इस दौरान जो कमियां मिली, उन्हें दुरुस्त कराने के लिए गोशाला के केयर टेकर पप्पू व पशु पालन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए गए। एसडीएम सदर ने बताया कि निरीक्षण के दौरान गोशाला स्थित भूसा घर में भूसा नहीं पाया गया। इस पर भूसे के उचित प्रबंध करने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा बाकी सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त पाई गईं।

## आनलाइन जैविक खेती का दिया प्रशिक्षण

गाजियाबाद : फार्मर बायोटेक किसान हब, गाजियाबाद द्वारा भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली के सहयोग से आनलाइन पांच दिवसीय जैविक खेती का प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें 35 किसानों ने भाग लिया। यह कार्यक्रम 15 दिसंबर से 19 दिसंबर तक चला। बायोटेक किसान परियोजना के मुख्य अन्वेषक जगपाल सिंह ने बताया कि जैविक खेती से किसानों की आमदनी में इजाफा होगा। जैविक उत्पादों को बेचने के लिए किसानों का सहयोग किया जाना चाहिए। कार्यक्रम में जैविक निवेश के माध्यम से कीट प्रबंधन, खाद बनाना, जैविक फल व सब्जी उत्पादन, कुशल जैविक खेती के लिए पशुधन प्रबंधन, बायो गैस घोल का उपयोग आदि का प्रशिक्षण दिया गया।

# विश्व हिंदू परिषद कराएगा गौविज्ञान परीक्षा

गाजियाबाद : विश्व हिंदू परिषद गौरक्षा विभाग द्वारा स्वामी विवेकानंगद की जयंती पर अखिल भारतीय स्तर पर गौविज्ञान परीक्षा का आयोजन कराया जाएगा। यह परीक्षा आनलाइन होगी। परीक्षा का उद्देश्य लोगों में गाय के प्रति जानकारी बढ़ाना है। रविवार को दिल्ली गेट स्थित विश्व हिंदू परिषद कार्यालय पर संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष पवन त्यागी और महामंत्री नितिन कुमार ने प्रेस वार्ता कर बताया कि विश्व हिन्दू परिषद् के गौरक्षा विभाग द्वारा निशुल्क गौविज्ञान परीक्षा का आयोजन 12 जनवरी 2021 को कराया जा रहा है। पाठयकर्मों में कही भी गौमाता के बारे में कोई जानकारी नहीं दी जाती है। इसलिए युवाओं को देशी गाय की आर्थिक, वैज्ञानिक, धार्मिक, पौराणिक महत्व की सही जानकारी और देशी गाय के दूध, दही, घी, गोबर, गौमूत्र के बारे में जानकारी देने के उद्देश्य से गौविज्ञान परीक्षा आयोजित की जा रही है। यह परीक्षा हर आयुवर्ग के लिए होगी। प्रश्न पत्र में हर प्रश्न के चार विकल्प दिए जाएंगे। सभी परीक्षार्थी परीक्षा के तुरंत बाद आनलाइन अपना परिणाम देख सकते हैं और अपना प्रमाणपत्र भी डाउनलोड कर सकते है। विश्व हिंदू परिषद् गौरक्षा विभाग संगठन का लक्ष्य गौवंश के आधार पर रोजगार युक्त नौजवान, कर्ज मुक्त किसान–समृद्ध किसान, स्वस्थ भारत–समृद्ध भारत, नशा मुक्त भारत, गोदुग्ध युक्त भारत बनाना है। प्रेसवार्ता में संगठन के महानगर अध्यक्ष सुभाष, उपाध्यक्ष हरिदेश, राजेश झा, मनोज गुप्ता, प्रियंका पांडेय, राहुल बजरंगी, संजय कुमार, सन्नी बजरंगी, राहुल बजरंगी, शैलेंद्र पांडेय आदि मौजूद रहे।

# प्रशासन की अपील, विदेश से आने वाले खुद दें सूचना

**कोरोना से बचाव**

गाजियाबाद : ब्रिटेन में कोविड वायरस के नए स्ट्रेन देखे जाने के बाद जिला प्रशासन सतर्क है। यूनाइटेड किंगडम सहित अन्य यूरोपियन देश से गाजियाबाद आने वाले लोगों की निगरानी, जांच एवं उपचार कराने के लिए जिला स्तर पर एक कार्य योजना तैयार की गई है। इंटीग्रेटेड कोविड कंट्रोल रूम में डेडिकेटेड विंग की स्थापना की गई है। जिलाधिकारी अजय शंकर पांडेय ने बताया कि संभावित स्ट्रेन से संक्रमित मरीजों के उपचार के दृष्टिगत कोविड चिकित्सालयों में अलग से विंग बनाने और बेड आरक्षित करने के लिए उन्होंने अस्पताल प्रबंधन को निर्देश दिए हैं। संबंधित देश से आने वालों को दो समूहों में विभाजित किया गया है। पहले समूह में 23 नवंबर 2020 से 8 दिसंबर 2020 तक वापस आने वाले यात्री शामिल होंगे दूसरे समूह में 9 दिसंबर के बाद आने वालों को शामिल किया गया है। पॉजिटिव व्यक्ति को अस्पताल में बनी अलग विंग में भर्ती किया जाएगा। 14 दिन के पश्चात दो बार रिपोर्ट निगेटिव आने के बाद भी अस्पताल से छुट्टी दी जाएगी। प्रशासन ने अपील की है कि दूसरे देश से आने वाले लोग अपनी जानकारी जिला प्रशासन को खुद दें। जिससे कि संक्रमण पर काबू पाया जा सके।

## शहर को अवैध होर्डिंग से मुक्त करने का अभियान शुरू

गाजियाबाद : शहर को अवैध होर्डिंग से मुक्त करने के लिए नगर निगम ने अभियान शुरू कर दिया है। एक–एक कर शहर के तिराहा, चौराहा सहित अन्य स्थानों पर लगे अवैध होर्डिंग हटाए जा रहे हैं। अवैध होर्डिंग हटाने के लिए नगर आयुक्त महेंद्र ड्क्षसह तंवर ने पहले ही चेतावनी दी गई थी, लेकिन होर्डिंग लगाने वाले चेते नहीं। जिसके कारण अब नगर निगम के कर्मचारी इन अवैध होर्डिंग हटाने में लगे हैं। नगर आयुक्त महेंद्र सिंह तंवर ने बताया कि सड़क पर लगे पोल, बिजली के खंभों, सरकारी बिल्डिंग पर जो भी अवैध होर्डिंग या पोस्टर लगाए गए हैं, उनको हटाया जा रहा है। होर्डिंग लगाने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। उन पर जुर्माना भी लगाया जाएगा।

# मेट्रो के ऊपर से गुजरेगी रैपिड रेल

गाजियाबाद : 2023 से साहिबाबाद से दुहाई के बीच रैपिड रेल दौडने लगेगी। 17 किलोमीटर लंबे इस कॉरिडोर का 30 फीसद निर्माण कार्य पूरा हो गया है। एक किलोमीटर तक एलिवेटेड वायडक्ट बनाया जा चुका है। जिस पर रैपिड रेल के संचालन के लिए ट्रैक बनाया जाएगा। न्यू लिंक रोड के पास रैपिड रेल जमीन से 25 मीटर ऊंचाई पर दौड़ती हुई नजर आएगी। रैपिड रेल के नीचे मेट्रो गुजरती हुई नजर आएगी। बुधवार को एनसीआरटीसी के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पुनीत वत्स ने बताया कि गाजियाबाद के अलावा दिल्ली और मेरठ में भी कार्य तेजी से किया जा रहा है। साहिबाबाद से दुहाई के बीच 525 पिलर बनाए जा रहे हैं। जिनमें से 375 पिलर का निर्माण कार्य पूरा हो गया है। :



## ये हैं स्टेशन

साहिबाबाद, गाजियाबाद (गाजियाबाद स्टेशन रैपिड रेल का सबसे बड़ा स्टेशन होगा। इसमें तीन फ्लोर होंगे), गुलधर, दुहाई।

## हरनंदी में बन रहे पिलर

हरनंदी नदी में मोक्षस्थली के पास पिलर के निर्माण के लिए गेबियन वाल बनाई जा रही है। नदी में तीन पिलर बनाए जाएंगे, जिनके ऊपर से रैपिड रेल गुजरेगी।

**EDITORIAL**

# Learning to let go: On retro taxes

**The** Permanent Court of Arbitration at The Hague on Wednesday ruled in favour of energy firm Cairn Plc over a retrospective tax demand worth ?24,500 crore pursued by India's taxmen since 2014. It has ruled that the tax levy, pertaining to a corporate reorganisation exercise undertaken in 2006-07, falls foul of the India-U.K. bilateral investment pact. The timing could not have been worse for the government — expiry of a three-month deadline to contest a similar retrospective taxation case lost against Vodafone this September. But unlike the telecom case, where the government would only need to fork out around ?80 crore if it were to concede defeat, this verdict includes a sharp $1.4 billion payable as damages to Cairn. The damages arise from tax authorities' decision to take by force and subsequently sell the company's shares, and freeze dividend payments as well as tax refunds, to recover the disputed tax dues even as the arbitration process was under way. This outcome has repercussions, not in the least for an arbitration plea filed over the same tax demand by Cairn's parent firm, Vedanta, whose verdict is awaited. Second, perhaps, the fiscal implications of such a large payout to Cairn when the exchequer is cash strapped, may have galvanised the government's mind about challenging the Vodafone verdict after much dithering. Ostensibly, because it cannot take a different stance on two similar cases, the Centre has now filed an appeal in the Vodafone matter in Singapore. A similar appeal too can be expected on Cairn.

Finance Minister Nirmala Sitharaman has repeatedly asserted that India retains the sovereign right to levy taxes. The arbitrators do not seem to be disputing that. The fact is that this government has asserted from the outset it is not in favour of retrospective legislative changes. PM Narendra Modi had promised to resolve concerns on retrospective taxation, introduced to global consternation in 2012 by then Finance Minister Pranab Mukherjee after losing a tax battle with Vodafone in the Supreme Court. The Cairn order even refers to statements by BJP leaders like the late Arun Jaitley terming the retrospective amendments as 'tax terrorism' while in the Opposition. The guilty clauses could have been scuppered in the first NDA Budget itself, but barbs about it being a 'suit, boot Sarkar' then, that compelled the government to retract land acquisition reforms, may have dampened the enthusiasm for 'investor-friendly' changes. Losing the arbitrations in the most-watched cases under a troublesome law that has hurt India's investment credibility, provided a cathartic opportunity to let go, while resting the blame for the mess on the UPA. In doubling down instead, the government has scored a self-goal. Its aspirations to rope in global investments must be matched by ensuring policy stability and creating a robust regulatory framework.

-By Dr. Dheeraj Kumar Bhargava

## Flat up for auction, Ghaziabad Development Authority clerk suffers heart attack, dies

**GHAZIABAD:** A Ghaziabad Development Authority clerk living in a house put up for auctions died on Saturday after suffering a heart attack. Parmanand Sharma's death led to an outpouring of resentment against the GDA's decision to put up its flats in Karpooripuram on the block by Sharma's co-workers. They alleged Sharma was under severe stress and his health had deteriorated. He was admitted to a private hospital where he died on Saturday morning. Sharma's son is to get married in January. Punit, an employee, said that they stay in GDA flats that are unsold and pay rent to the authority. "Of the 192 flats, GDA has already auctioned 54 and the remaining were set for auction on December 16 and 26. Sharma had been staying there for five years with his family and the auction had worried him a lot. Through our union we had raised the issue but it was not addressed by the officials." Meanwhile, GDA officials downplayed the incident and said that Sharma was ill from before.

## Gang steals service revolver from MP cop in Noida for probe

**NOIDA:** Five miscreants in a car on Friday looted the service revolver of a sub-inspector from the Madhya Pradesh Police's cyber cell outside ICICI Bank's Sector 18 branch after an argument with a two-member team that's in Noida in connection with a Ponzi scheme investigation. Sub-inspectors Rashid Khan and Pankaj Sahu of MP Police, along with two constables, of MP Police's cyber cell in Jabalpur are in Noida since December 15 as part of their ongoing investigation in a Ponzi scheme fraud for which they required information about a suspicious account with ICICI Bank in Sector 18. They four have been staying at a hotel in Sector 62. On Friday, however, both the officers booked a cab for going to Sector 18 and around 12pm, when they reached the bank in plain clothes, a Verna arrived in which the five accused were seated. One of the criminals allegedly told one of the officers that he was teasing a woman, resulting in an argument between the two sides followed by a physical clash. During this, Rashid took out his service pistol, which was snatched by the accused who sped away. Senior police officers said that they received information about the crime around an hour later after which, they started scanning the CCTV footages from the camaras installed outside the bank and upon the other buildings in the vicinity. Sources said the crime— that occurred just a few metres away from the Sector 18 police chowki — had been captured in one of the CCTVs. Earlier too, in Sector 58, someone looted a pistol belonging to Prakash Yadav, a constable posted with Delhi Police, near a food stall where he had come to have food. DCP (Noida) Rajesh S said that the crime occurred opposite the ICICI Bank's Sector 18 branch. "The two sub-inspectors had come from the cyber cell of Madhya Pradesh Police. They were both in plain clothes and had come to verify about a suspicious account. While they were going, they had an argument with some four-five persons.

## आरपीएफ ने पकड़ा फर्जी यात्री टिकट सुविधा केंद्र




गाजियाबाद : आरपीएफ ने खोड़ा कालोनी में चल रहा फर्जी यात्री टिकट सुविधा केंद्र का भंडाफोड़ कर दिया। केंद्र संचालक अवैध तरीके से ज्यादा मुनाफा कमाने के लिए रेलवे के टिकट बेच रहा था। आरपीएफ ने इस मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। आरपीएफ थाना प्रभारी पीकेजीए नायडू ने बताया कि उन्हें मुखबिर से खोड़ा कालोनी में चल रहे यात्री टिकट सविधा केंद्र की जानकारी मिली। जबकि रेलवे की तरफ से गाजियाबाद जिले में यात्री टिकट सुविधा केंद्र का आवंटन नहीं किया गया है। उन्होंने तुरंत अपनी टीम के साथ महालक्ष्मी टूर एंड ट्रेवल्स नाम से चल रहे केंद्र पर छापेमारी की। आरपीएफ ने केंद्र संचालक जितेंद्र को गिरफ्तार कर लिया। आरोपित ने बताया कि वह दिल्ली के करोल बाग स्थित एक यात्री सुविधा केंद्र से टिकट खरीदकर लाता है और उन्हें अपने केंद्र पर लाकर ज्यादा कीमत में बेच देता है। इसके बाद आरपीएफ जितेंद्र को साथ लेकर करोल बाग पहुंची। करोल बाग में यात्री टिकट सुविधा केंद्र संचालक अखिलेश कुमार को भी गिरफ्तार कर लिया। अखिलेश भी ज्यादा कीमत में जितेंद्र को टिकट बेच देता था। आरोपितों के पास से 15 टिकट बरामद हुए हैं।

### गाजियाबाद में नहीं है यात्री टिकट सुविधा केंद्र

थाना प्रभारी पीकेजीए नायडू ने बताया कि रेलवे की तरफ से दिल्ली में यात्रियों की सुविधा के लिए यात्री टिकट सुविधा केंद्र खोले गए हैं। केंद्र पर टिकट की 30 फीसद से ज्यादा रकम नहीं ली जा सकती है। आरोपित एक टिकट पर 300 से 400 रुपये कमा रहे थे। जितेंद्र ने टिकट के लिए नोएडा में बड़े स्तर पर अपना प्रचार किया था।

### साफ्टवेयर से भी करते थे तत्काल टिकट में खेल

आरोपित अवैध तरीके से एक साफ्टवेयर को रेलवे की वेबसाइट से जोड़ देते थे। इस साफ्टवेयर में आरोपित पहले ही डिटेल भर लेते थे। समय होते ही सबमिट कर देते थे। आरोपित फर्जी आइडी का इस्तेमाल करते थे। जिस वजह से इनका टिकट सबसे पहले होता था।

## हेराफेरी : 24 लाख रुपये में खरीदी जैगुआर पर 40 लाख रुपये का ऋण

गाजियाबाद : फाइनैंस कराई गई लग्जरी कार जैगुआर दो भाइयों ने फर्जी एनओसी दिखाकर प्रापर्टी कारोबारी को बेच दी। बाद में पता चला कि इस कार पर 40 लाख रुपये का ऋण बकाया है। कोर्ट के आदेश पर थाना विजयनगर पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। एसएचओ विजयनगर महावीर सिंह ने बताया कि बताया कि प्रताप विहार निवासी कालूराम यादव की तहरीर पर दिल्ली के रोहिणी निवासी अभिषेक सिंह कल्सी और उसके भाई हरमीत के खिलाफ फर्जीवाड़े और धोखाधड़ी की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

## सीबीआई ने बैंक आफ इंडिया के सहायक प्रबंधक समेत दो को रिश्वत लेते दबोचा

गाजियाबाद : सीबीआइ गाजियाबाद की भ्रष्टाचार निवारण शाखा की टीम ने लोनी से बैंक आफ इंडिया के सहायक प्रबंधक व एक अन्य कर्मचारी को 25 हजार रुपये रिश्वत लेते हुए रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। मंगलवार को दोनों आरोपितों को सीबीआई की विशेष अदालत में पेश किया गया। अदालत में कोरोना जांच के बाद दोनों को जेल भेजने के आदेश दिए। महमूदपुर गांव के रहने वाले प्रवीण कुमार ने मवेशियों पर ऋण के लिए लोनी के रिस्तल स्थित बैंक आफ इंडिया की शाखा में आवेदन किया था। आरोप है कि बैंक के सहायक प्रबंधक आकाश कुमार व एक अन्य कर्मचारी सूबे सिंह ने ढाई लाख का ऋण स्वीकृत करने के नाम पर 30 हजार रुपये की रिश्वत मांगी। बाद में 25 हजार रुपये रिश्वत की बात तय हुई। पीड़ित प्रवीण कुमार ने मामले की शिकायत सीबीआइ गाजियाबाद की भ्रष्टाचार निवारण शाखा से की। इसके बाद सीबीआइ इंस्पेक्टर हिमांशु सिंह के नेतृत्व में टीम ने योजना के तहत मंगलवार को पीड़ित को रिश्वत के 25 हजार रुपये लेकर आरोपित आकाश कुमार व सूबे सिंह के पास भेजा। इनके द्वारा पैसा लेते ही सीबीआइ ने तुरंत छापेमारी कर दोनों को दबोच लिया।

# अतिक्रमणकारियों को खदेड़ा, सामान किया जब्त

गाजियाबाद : संभागीय परिवहन कार्यालय (आरटीओ) के बाहर अतिक्रमण हटाने के लिए सोमवार को संयुक्त टीम ने विशेष अभियान चलाया। इस दौरान अतिक्रमणकारियों को खदेड़ते हुए सामान जब्त किया गया। विशेष टीम में सिटी मजिस्ट्रेट विपिन कुमार, सीओ द्वितीय अवनीश कुमार, एआरटीओ प्रशासन विश्वजीत प्रताप सिंह, एआरटीओ प्रवर्तन राकेंद्र कुमार सिंह, निगम के प्रवर्तन प्रभारी कर्नल दीपक शरण, निगम के कविनगर जोन के प्रभारी एचके गुप्ता आदि शामिल थे। सोमवार दोपहर करीब 11 बजे संयुक्त टीम आरटीओ कार्यालय के बाहर पहुंची और अतिक्रमणकारियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू की। करीब एक घंटे तक चलाए अभियान में एक–एक अतिक्रमणकारी को खदेड़ा गया।



इस दौरान 20 से ज्यादा अतिक्रमणकारियों का सामान जब्त किया गया। निगम के प्रवर्तन प्रभारी कर्नल दीपक शरण ने कहा कि सड़कों पर अतिक्रमण किसी सूरत में बर्दाश्त नहीं होगा। अतिक्रमणकारियों के खिलाफ अभियान ऐसे ही लगातार जारी रहेगा।

# आर्य समाज ट्रस्ट बनाकर फर्जी शादी कराई, रिपोर्ट दर्ज

गाजियाबाद : फर्जी आर्य समाज ट्रस्ट बनाकर शादी कराने के मामले में थाना कविनगर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। मामला छह माह पूर्व सामने आया था, जब आर्य समाज ट्रस्ट की ओर से मुस्लिम युवक व हिंदू युवती की शादी का प्रमाण–पत्र जारी किया गया था। इस संबंध में किए गए ट्वीट को केंद्रीय राज्य मंत्री वीके सिंह ने रिट्वीट करते हुए गाजियाबाद पुलिस को जांच निर्देश दिया था। एसएचओ अजय कुमार ने बताया कि आर्य समाज विवाह मंदिर ट्रस्ट व राजस्थान के नागौर निवासी शोएब अख्तर के खिलाफ धोखाधड़ी व फर्जीवाड़े की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है। विद्युत विभाग में एसडीओ के पद से सेवानिवृत आरडी गुप्ता आर्य समाज दयानंदनगर के अध्यक्ष हैं। उन्होंने जुलाई–2020 में एसएसपी कलानिधि नैथानी को शिकायत दी थी। आरोप था कि 16 जुलाई को आर्य समाज के नाम से फर्जी संस्था बनाकर राजस्थान के नागौर निवासी शोएब अख्तर व एक हिदू लड़की की शादी का फर्जी प्रमाण–पत्र बना दिया था। आरोप लगाया कि दिखाने के लिए लड़के का धर्म परिवर्तन करा प्रमाण–पत्र बनाया गया, जबकि विवाह संस्कार नहीं हुआ। लड़की ने आरोपित के खिलाफ राजस्थान में दुष्कर्म का केस दर्ज कराया था। आरोप है कि इस संस्था के पते पर कोई मंदिर भी नहीं है। आरोप है कि बहलाकर लाई गई लड़की की फर्जी तरीके से शादी कराई गई।

## रंगदारी मांगने के मामले में अदालत ने एफआईआर दर्ज करने के आदेश दिए

गाजियाबाद : फर्जी दस्तावेजों के आधार पर जमीन कब्जाने व रंगदारी मांगने के मामले में अदालत ने दो नामजद व पांच अज्ञात आरोपितों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के आदेश लोनी थाना पुलिस को दिए हैं। अधिवक्ता खालिद खान ने बताया कि लोनी में मोहम्मद सलीम की जमीन है। आरोप है कि कुख्यात खडखड़ी गिरोह का बदमाश जितेंद्र खडखड़ी व एक महिला साजिश के तहत उनकी जमीन कब्जा कर प्लाटिंग कर रहे हैं। गत 25 अक्टूबर को वह मौके पर पहुंचे तो उनसे व उनके बेटे से 20 लाख रुपये की रंगदारी मांगी गई और न देने पर जान से मारने की धमकी दी गई। इस मामले में पीडित ने लोनी थाने में शिकायत दी थी लेकिन पुलिस ने एफआईआर दर्ज नहीं की थी।

# मानचित्र पास करने में जीडीए प्रदेश में चौथे नंबर पर, 872 आवदेन पत्रों के सापेक्ष 642 किए गए पास

गाजियाबाद : मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ की मंशा के अनुरूप जीडीए में अब आनलाइन मकान, दुकान और ग्रुप हाउसिंग के मानचित्र फटाफट पास किए जा रहे हैं। शासन स्तर पर हुई समीक्षा में पाया गया है कि पूरे प्रदेश के विकास प्राधिकरणों में जीडीए चौथे स्थान पर है। अब तक जीडीए में आनलाइन जमा कराए गए कुल 872 आवदेन पत्रों के सापेक्ष 642 पास किए गए हैं। प्रदेश में पहले नंबर पर झांसी विकास प्राधिकरण है। दूसरे पर उन्नाव,तीसरे पर मथुरा–वृंदावन और पांचवे स्थान पर बुलंदशहर– खुर्जा विकास प्राधिकरण है। सीएटीपी आशीष शिवपुरी ने बताया कि आनलाइन नक्शा पास कराने के लिए कई स्तर पर समीक्षा हो रही है। कोई छोटी–मोटी त्रुटि एवं आपत्ति होती है तो आवेदक को बुलाकर दूर करवाया जाता है।



घर का नक्शा पास करने में केवल 72 घंटे ही लग रहे हैं। अब तक प्राप्त आवेदन पत्रों के सापेक्ष 73 फीसद मानचित्र स्वीकृत किए जा चुके हैं। मास्टर प्लान–2031 को तैयार करने के लिए जीडीए स्तर पर समय सीमा तय कर दी गई है। बताया गया है कि मोदीनगर की डाटा शीट्स की अंतिम रूप से ड्राफ्टिंग बनाकर 31 दिसंबर तक शासन को भेज दी जाएगी। लोनी का 15 जनवरी और शहर की ड्राफ्टिंग 31 जनवरी तक भेजने की तैयारी है। 31 मार्च 2021 तक प्लान बनाने की समय सीमा तय की गई है।

### टाप टेन प्राधिकरण

| प्राधिकरण | आवेदन | स्वीकृत |
|---|---|---|
| झांसी | 275 | 232 |
| उन्नाव | 30 | 23 |
| मथुरा–वृदांवन | 589 | 442 |
| जीडीए | 872 | 642 |
| बुलंदशहर–खुर्जा | 186 | 132 |
| अयोध्या | 186 | 127 |
| आगरा | 537 | 361 |
| मेरठ | 1136 | 760 |
| लखनऊ | 1386 | 908 |
| अलीगढ़ | 343 | 224 |

## कांग्रेस की बैठक में आगामी विधानसभा चुनावों की तैयारियों पर हुई चर्चा

गाजियाबाद : सोमवार को जिला कांग्रेस की बैठक में साल–2022 में होने वाले विधानसभा चुनावों को लेकर चर्चा हुई। जिला कार्यालय पर हुई बैठक में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव एवं प्रदेश के सह प्रभारी धीरज गूर्जर ने कहा कि संगठन को मजबूत करने से ही मजबूती से कोई भी चुनाव लड़ा जा सकता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वह अभी से अगले विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुट जाएं। इस मौके पर जिला अध्यक्ष बिजेंद्र यादव, महानगर अध्यक्ष मनोज कौशिक, ओमवीर यादव, सतनाम सिंह, त्रिलोक सिंह, नसीम खान, पीसीसी सदस्य सुभाष चंद शर्मा और अहसान अली मौजूद रहे। कांग्रेस नेता मोतीलाल वोरा के निधन पर सभी कार्यकर्ताओं ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

# इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम प्रोजेक्ट को जल्द मिलेगी रफ्तार

गाजियाबाद : स्मार्ट सिटी के तहत शहर में इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम प्रोजेक्ट को जल्द ही रफ्तार मिल सकती है। लखनऊ में इस संबंध में मंगलवार को एक बैठक का भी आयोजन किया गया है। बैठक के मुख्य बिंदु पर गाजियाबाद नगर निगम के अधिकारी भी नजर रखेंगे। नगर निगम की ओर से अब जीडीए द्वारा पहले बनवाई गई डीपीआर में संशोधन किया गया है। पहले 70 करोड़ रुपये खर्च करके 112 चौराहों पर प्रोजेक्ट के तहत कार्य करने की तैयारी थी, जिसे कम करके अब 45 करोड़ रुपये में पहले 68 चौराहों पर कार्य किया जाएगा। नगर आयुक्त महेंद्र सिंह तंवर ने बताया कि पहले चरण में शहर में 45 करोड़ रुपये की लागत से इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम तैयार करने की तैयारी है।



### लगेंगे सीसीटीवी कैमरे

आइटीएमएस प्रोजेक्ट के तहत शहर में 68 चौराहों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। चौराहों पर ट्रैफिक लाइट लगाई जाएगी।

### जाम मुक्त होगा शहर

इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम से शहर को जाम मुक्त करने के साथ ही अपराध में भी कमी लाने की तैयारी की गई है।

## यूपी गेट धरनास्थल पर पहुंचा टिकैत परिवार

गाजियाबाद : पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे किसान दिवस पर भारतीय किसान यूनियन के अध्यक्ष चौ. नरेश टिकैत का परिवार का यूपी गेट धरनास्थल पर पहुंचा। यहां उन्होंने दूर–दराज से धरनास्थल पर पहुंची महिलाओं व बश्चों से मुलाकात की। उन्होंने आंदोलन में उनके सहयोग को सराहते हुए कहा कि किसान की फसल से लेकर उसके खेत का सवाल है। इसे लेकर पूरे देश में किसान सड़कों पर है। ऐसे में हमारी जिम्मेदारी बनती है कि हम अपने परिवार के साथ खड़े हों। किसान परिवार से हैं तो पूरा परिवार इस आंदोलन में एकजुट होगा तभी सरकार को अपनी करनी का अंदाजा हो सकेगा। इस दौरान भाकियू प्रवक्ता राकेश टिकैत, युवा अध्यक्ष गौरव टिकैत भी मौजूद रहे।

# श्री राम जन्मभूमि मंदिर निर्माण के लिए निधि संग्रह अभियान 15 जनवरी से

गाजियाबाद : श्रीराम भारत की आस्था के केंद्र हैं और उनके मंदिर निर्माण में समाज के प्रत्येक परिवार का अंशदान हो, इस विचार को ध्यान करते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने श्री राम जन्मभूमि मंदिर निर्माण के लिए 15 जनवरी से निधि संग्रह अभियान चलाने का निर्णय लिया है। रविवार को हरनंदी महानगर गाजियाबाद इकाई की एक समन्वय बैठक एबीइएस कॉलेज में संपन्न हुई। इस बैठक में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मेरठ प्रांत के सह–कार्यवाह शिवकुमार ने कार्यकर्ताओं के समक्ष श्री राम जन्मभूमि मंदिर निर्माण निधि संग्रह अभियान की पूरी रूपरेखा रखी। श्री राम जन्मभूमि मंदिर निर्माण निधि संग्रह अभियान के लिए हरनंदी महानगर ने एक समिति का भी गठन किया है। जिसमें इंदिरापुरम स्थित अवंतिका अस्पताल के डॉक्टर युवराज सिंह को अध्यक्ष बनाया गया है। समाज के अन्य क्षेत्र के कई गणमान्य नागरिकों को इस समिति का उपाध्यक्ष मंत्री और सदस्य बनाया गया है। इस समिति के माध्यम से ही समाज के प्रत्येक परिवार तक श्री राम जन्मभूमि निर्माण में सहयोग के लिए कार्यकर्ता धनराशि एकत्रित करने के लिए जाएंगे। यह अभियान 15 जनवरी से 31 जनवरी तक चलाया जाएगा। भारतीय जनता पार्टी, विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल, भारत विकास परिषद, सेवा भारती, संस्कार भारती, संस्कृत भारती सहित कई अन्य संगठन के कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। बैठक में गाजियाबाद विभाग कार्यवाह रामवरूण, महानगर संघचालक प्रदीप सहित कई वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# Noida: Over 50% beds at largest Covid hospital have seen no patients


**NOIDA:** A 28-year-old construction materials dealer who was in the Chilla area on Friday morning to pay a traffic fine created a flutter by walking up to the farmer agitation site and shouting at the gathering. Farmers alleged he called them "terrorists" while questioning their protest against the Centre's new farming laws. The man, who police said is based in Greater Noida, was taken into police custody soon after when he got into a scuffle with the protesters. He was taken to Sector 20 police station, where he remained detained at the time of filing the report on Friday evening. Farmers at Chilla – where the protest began on December 1 – said they had never seen him before. They also claimed he was accompanied by one or two



others. "He was here for the first time along with one or two more persons, who possibly managed to flee," said Yogesh Pratap Singh, state president of Bharatiya Kisan Union-Bhanu, one of the outfits leading the protests here. "He was asking protesters what was wrong with the farm laws. We feel he is one of the agents who have been deployed among farmers, trying to destablilise and break our protest," he added. During his tirade, the intruder also allegedly told the farmers minimum support price (MSP) would remain intact and they had no reason to protest. One of the protesters, Praveen Sharma, told TBC the farmers were speaking to news reporters when he walked up and started shouting at them. "He was trying to induce violence. Before the media, he called us terrorists. Are we terrorists? We are sharing our pain here," he said. Amarpal, another protester, added, "We told him if we had no problems, why would we be sitting here? We asked him if he was a farmer and told him to show us proof that he was. He did not show us any identity card." As tension rose, and some farmers pushed him away, police intervened. He was taken away in a van. Farmers said he wasn't the first – a few had this week popped up at the protest site and got into arguments with them. Farmer outfits had earlier this week criticised attempts by those in the government to defame their protests through references like 'terrorists' and 'Khalistanis'. "In the morning, a woman had come to the protest site. She started arguing with farmers over the laws but when we asked her her name, she left the spot," Amarpal said. "What can we say? Such elements have been caught at the Singhu and Ghazipur borders too. They are being planted by the BJP government to destabilise and demean our protests," the BKU-Bhanu's Singh. Asked about the intruder and the Chilla incident, BJP's Noida unit head Manoj Gupta said, "Farmers are our brothers and we respect our farmers.

# 17 injured as truck crashes into bus on Yamuna Expressway

**GREATER NOIDA:** As many as 17 people were injured, five of them seriously, after a truck travelling towards Agra on the Yamuna Expressway jumped the divider and crashed into a UP Roadways bus travelling on the opposite carriageway, police said on Saturday. The accident happened a little after midnight on Friday when the truck was 12.7km from the Zero Point. Police suspect the truck driver dozed off behind the wheel and lost control of the vehicle on the high-speed corridor, leading to the crash. The Roadways bus was travelling towards Delhi from Lucknow. The bus had some 36 passengers from Gorakhpur, Sultanpur, Aligarh, Delhi and Noida seated inside.



And the 17 injured were mostly the passengers, apart from its two drivers and a helper. The accident resulted in chaos among the passengers who were pulled out by the rescue van officials and the police team. Sultanpur's Rajkumari, Lalita and Rajvir, who belong to one family, sustained injuries, while bus drivers Raju and Krishanpal and helper Munajib suffered serious wounds.

# Stadium in Greater Noida reopens membership, gets new pools

**GREATER NOIDA:** On January 1 next year, the Greater Noida authority will open memberships to the Shaheed Vijay Singh Pathik sports complex after a gap of four years. Besides, some of the new sporting activities that the stadium has introduced - swimming and squash - will be open for members sometime in 2021. The management has decided to offer a lifetime, yearly, temporary and casual memberships to the sports complex users. The short-term memberships, which were not available earlier, have been added to the list of options for tenants, visitors and expats who stay in Greater Noida for smaller durations. Currently, nearly 800 members indulge in sporting



activities at the stadium that became partially functional in 2016. Built over a 35-acre-land, the complex had a budget of Rs 130 crore. In 2016, the management wanted to introduce 'pay-and-play' policy to cater to short-term visitors, but it never rolled out. Apart from a sprawling cricket stadium, the complex had functional badminton, tennis, football, basketball, table tennis and volleyball facilities.

# UP govt taking credit for projects planned in BSP regime: Mayawati

**LUCKNOW:** BSP chief Mayawati has staked claim to crucial infrastructure projects like the Jewar Airport and Ganga Expressway, projects conceptualized when she was in power but which are being implemented by the Yogi government, saying that first the SP government and now the current government are trying to claim credit for her work. The former UP CM said her government could have completed several projects but the then Congress government in the Centre created hurdles for her in the name of environment clearances. "My government was known for excellent law and order and all round development which impacted the lives of every person in the state, and unparalleled governance, a model which first Samajwadi Party and now BJP



have tried to implement and continue to take credit for but where are they going to get BSP's iron willpower from?" she asked. Accusing the BJP government of doing less work but talking more, spending time and money on advertising, Mayawati said that projects like the Ganga Expressway or Jewar Airport were prepared under her government, which BJP was trying to project as its work. "It is fine for them to copy BSP's good work but where are they going to get the good intent shown by BSP governments, its policies of public welfare which embraced the concept of sarvjan hitay, sarvajan sukhay. That is why these governments are not able to set anything right," she said. The BSP chief further added that development works in Ayodhya, Varanasi, Mathura, Kannauj and Metro projects in various cities were also conceived under her government. She said that conceptualizing schemes and completing them in record time was a BSP model and whatever development took place after 2012, which is when BSP was replaced by SP, it was because of the preliminary work done by her government. "Such works would have been completed during my tenure itself had the then Congress government in the state not created hurdles like environment clearance for me for its political gains," she said.

## One attendant with photo ID pass for IPD patients at Noida District Hospital

**NOIDA:** The District Hospital Sector 30 has restricted one attendant per IPD (inpatients department) patient undergoing treatment at the hospital. The attendant will be issued a photo ID pass which cannot be misused. The attendant will also be required to undergo a rapid antigen test and if he clears it, only then he will be allowed to stay with the patient. Dr Renu Agrawal, chief medical superintendent (CMS) at the District Hospital Sector 30, said, "We have restricted IPD attendants to only one. Earlier, many attendants would turn up for IPD patients as there were no restrictions. This not only created problems for the management but also posed a threat of infection."

## हेल्प लाईन नंबर

### गाजियाबाद प्रशासन

| | |
|---|---|
| डीएम – | 2824416 |
| आवास – | 2820106 |
| एडीएम (सिटी) – | 2828411 |
| एडीएम (प्रशासन) – | 2827016 |
| सिटी मजिस्ट्रेट – | 2827365 |
| आयकर विभाग– | 2714144 |
| पासपोर्ट कार्यालय– | 2721779 |

### पुलिस अधिकारी

| | |
|---|---|
| एसएसपी | –2820758,9643322900 |
| पुलिस अधीक्षक नगर– | 2854015 |
| पुलिसअधी. यातायात– | 2829520 |
| सीओ प्रथम– | 2733070 |
| सीओ द्वितीय – | 2791769 |
| सीओ एलआईयू– | 2700925 |
| सीओ लोनी– | 3125539 |

### जीडीए

| | |
|---|---|
| उपाध्यक्ष जीडीए – | 2791114 |
| जीडीए सचिव – | 2790891 |

### अस्पताल

| | |
|---|---|
| सी.एम.ओ. – | 2710754 |
| सी.एम.एस. – | 2730038 |
| आपातकालीन – | 2850124 |
| कोलम्बिया एशिया | –3989896 |
| यशोदा अस्पताल– | 2750001–04 |
| गणेश अस्पताल | –4183900 |
| संतोश अस्पताल | –2741777 |
| सर्वोदय अस्पताल | –2701694 |
| नरेन्द्र मोहन अस्पताल | 2735253 |
| जिला अस्पताल(एम्बुलेंस) | 2730038 |
| यशोदा अस्पताल (एम्बुलेंस) | 2701695 |
| पुष्पांजली क्रांसले हॉस्पिटल | 4188000 |
| पुष्पांजली मेडिकल सेन्टर | 43075600 |

### बीएसएनएल

जीएम 2755777

### अग्निशमन विभाग

| | |
|---|---|
| नगर कन्ट्रोल रूम – | 2734906 |
| कोतवाली – | 2732099 |
| जिला कन्ट्रोल रूम | –2766898 |

### पुलिस स्टेशन

| | |
|---|---|
| एसएचओ इंदिरापुरम– | –9643322921 |
| एसएचओ खोड़ा– | –9643322922 |
| एसएचओ–साहिबाबाद– | – 9643322923 |
| एसएचओ लिंक रोड– | –9643322924 |
| कोतवाली – | 2732088 |
| सिहानी गेट – | 2791627 |
| कविनगर – | 2711843 |
| विजयनगर – | 2740797 |
| इंदिरापुरम – | 2902858 |
| लोनी – | 2600097 |
| अग्निशमन विभाग | –2732099 9818702101 |
| रेलवे इन्कवायरी | –131 |

### नगर निगम

नगरायुक्त– 2790425,2713580

### विद्युत विभाग

मुख्य अभियंता – 2821025

### पूछताछ

| | |
|---|---|
| रेलवे कस्टमर रिजर्वेशन – | –2797840, 139 8888 |
| रोडवेज इन्कवायरी | –2791102 |

प्रेस विज्ञप्ति, समाचार, विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।
**Phone No.: 0120-4561000**

# Two-year interest waiver for YEIDA land allottees?

**GREATER NOIDA**: Relief could soon be offered to hundreds of entrepreneurs who had booked industrial plots next to the Yamuna Expressway some five to six years back in sectors 32 and 33. Unable to hand over the developed plots to 821 allottees, Yamuna Expressway Industrial Development Authority (YEIDA) is contemplating to offer interest waiver to the entrepreneurs in the coming months in the form of zero period. Since payment commanded by the industrial development authorities in Noida and Greater Noida is divided into two portions — plot premium and interest, the allottees had been demanding exemption from the payment of the interest component.President of the Yamuna Expressway Entrepreneurs Association, Tejveer Rana said, "YEIDA had floated the plots in 2013 and issued allotment letters to us between January and September 2015. The Authority had offered plots of different sizes with its first scheme and asked for a land premium of Rs 5,500 for a sqm back then.

# Couple out on morning walk robbed

**GHAZIABAD:** A resident of Indirapuram's Vaishali was allegedly robbed of jewellery and other valuables at gunpoint when he was out on a morning walk with his wife on Saturday morning. According to police, the crime took place near CO Indirapuram office. Sanjay Rastogi, a resident of Judge Colony who owns a garment shop in Delhi, had gone for a morning walk along with his wife Indu. Around 8am, when the couple reached near Atal Chowk, a car came from behind and stopped a few metres away. "Two people came out and pointed a pistol at me and threatened to hand over all the valuables," Rastogi said. Gyanendra Singh, SP City-2, said they have lodged an FIR under Section 392 (robbery) of IPC.

# New plasma treatment rules at Child PGI, GIMS



**NOIDA:** Two hospitals in GB Nagar have started to follow the state's newly revised guidelines for convalescent plasma treatment (CPT). Government Institute of Medical Sciences (GIMS) in Greater Noida and Super Specialty Paediatric Hospital and Post Graduate Teaching Institute (SSPHPGTI) or Child PGI in Noida's Sector 30 are following the new norms that have been derived from the guidelines set by the Indian Council of Medical Research (ICMR). The department of transfusion medicine at King George's Medical University (KGMU) issued the new guidelines on December 18. The other six centres that have participated in the process include SN Medical College (Agra), MLN Medical College (Allahabad), MLB Medical College (Jhansi), BRD Medical College (Gorakhpur) and GSVM Medical College (Kanpur). Under the new guidelines, a donor can donate plasma after 14 days of testing Covid negative or 28 days after complete resolution of symptoms (Covid negative report not mandatory).

# Chief financial officer of Amrapali Group arrested from Delhi by ED

**LUCKNOW:** The Lucknow branch of the Enforcement Directorate (ED) arrested chief financial officer of Amarpali Group Chandra Wadhwa from Delhi late on Friday night. The ED is probing multi-crore financial fraud committed by the Amarpali Group. The charges include diversion of 42,000 homebuyer's money in UP and National Capital Region (NCR). The ED had registered a case under the Prevention of Money Laundering Act, 2002, against the firm in July, 2019. Two directors of the firm, Anil Sharma and Shiv Priya, have already been arrested by the ED in connection with the financial fraud in January this year, and are now languishing in jail.

# ACS approves 49 acres for GIMS campus

**NOIDA**: On a visit to the district on Friday, additional chief secretary (ACS) medical education Rajneesh Dubey approved the land for a campus for Government Institute of Medical Sciences (GIMS) in Greater Noida and also cleared registry and power related issues of Child PGI in Sector 30. "The ACS approved in principle a 49-acre-land in Gautam Budh University for GIMS. separate building for us has been in the pipeline for some time. Now, we are waiting for a cabinet approval for the same," said Brigadier (retd) Dr RK Gupta, the director of GIMS. Dr DK Singh, chief medical superintendent of Child PGI. said, "We asked the ACS about the need to separate the residential, domestic consumption from that of commercial charge which is applicable for the hospital



functioning only as it amounts to nearly 25-30% more power charge for residential staff of the hospital." While Dubey directed VN Singh chief zonal engineer PVVNL Noida power department to look into the matter and address the issue by separating the two connection following a due inspection, he also approved land registration of Child PGI to be transferred from Noida Authority which had not yet carried out the process till Friday. "Now the land has been transferred to be registered on a Rs 1 stamp paper in SSPHPGTI (Child PGI) name," said Dr Singh. Even as ACS Dubey appreciated the microbiology lab testing facility of Child PGI which is currently testing, 2500-3000 RT-PCR samples per day through two RT-PCR machines, he approved one RNA extractor to be added to the Child PGI lab for which Rs 45 lakhs have been sanctioned from the district magistrate's fund. "Now that the fund is sanctioned, we expect the extractor to come in 15 days. With that we will have enhanced testing capacity to 4000 samples per day," said Dr Singh. ACS Dubey further directed faculty enhancement of Child PGI to be made double from current numbers across paediatric and paediatric surgery, microbiology, anaesthesia and pathology departments.

# Noida pins hope on 6th attempt

**NOIDA**: The tender for awarding work for construction of the Parthala flyover will be evaluated for the sixth time in a week. Noida Authority officials said that they will select the contractor this time and issue a work order before the month ends. Officials revealed that three companies have participated in the bidding process this time. Earlier, when bids were floated on five occasions, the companies had quoted higher commissioning costs than what was being offered by the authority. The Noida Authority is willing to stretch its budget to Rs 80.5 crore for the construction of the flyover, which will ease traffic between Noida and Greater Noida via Vikas Marg and will also facilitate traffic movement in the future on Faridabad-Noida-Ghaziabad expressway.

# First flight from Noida airport likely by Dec 2023 or Jan 2024, says top executive

**NOIDA:** Work on the upcoming Noida International Airport is progressing as scheduled and the first flight is expected to take off by December 2023 or January 2024, a senior government executive said on Sunday. Also, the resettlement and rehabilitation of over three thousand families who are getting displaced due to the mega greenfield project is likely to be completed by May 2021, Noida International Airport Limited (NIAL) CEO Arun Vir Singh said. Uttar Pradesh Chief Minister Yogi Adityanath had on December 18 approved the name, design and the logo of the airport being built in Jewar area along the Yamuna Expressway in the Gautam Buddh Nagar district. Switzerland-headquartered private firm Zurich Airport International AG will be



developing the airport while the NIAL, a nodal agency floated by the UP government, will monitor the project's development. "The concession agreement for the airport was signed on October 7 and the master plan for the project was to be submitted within the next 60 days. The master plan was submitted on December 4 to the Civil Aviation Ministry for its comments. Once the ministry sends it back, it would be taken up by the NIAL Board for approval after which construction and development work would begin," Singh said.

# 24,000 hearings online: How UP-Rera cleared major backlog

**NOIDA**: The Uttar Pradesh Real Estate Regulatory Authority (UP-Rera) has been able to clear major backlogs through virtual hearings this year, despite the Covid-19 lockdown. Of the 30,956 complaints registered so far, the regulator has already heard 24,026 cases till December 15. And of these, some 5,115 complaints were filed by buyers in Gautam Budh Nagar in 2020 and 1,454 have been disposed of this year itself. The new year is supposed to start with 6,930 pending cases to be heard from previous applications, officials said. In fact, UP-Rera started hearing cases from September 4, 2018. At the end of that year, the regulator had registered 9,601 cases and disposed of 7,089 in 2019. In 2019, the numbers increased exponentially.

# Trader went missing to escape lender, rescued from UP Gate

**GHAZIABAD**: More than a fortnight after he went missing from his home, a 38-year-old debt-ridden Ghaziabad trader was on Thursday night rescued by police from a crowd that gathered at UP Gate to participate in the ongoing farmers' protest. Cops said Praveen Kumar, who deals in wholesale supply of home decor items, allegedly went missing on December 1 to escape money lenders but ended up at the protest site after failing to garner up courage to end his own life. He owes the lenders Rs 5 lakh. Muradnagar SHO Amit Kumar said that Praveen's wife Jyoti had filed a missing person's complaint at the police station on December 12. "Praveen told his wife that he was going out for some work in Ghaziabad city and would be back in 3-4 hours. But when he didn't return that night, his wife informed other family members." The family members did not inform police as they thought that Praveen would return because in June too, when he was unable to repay loans to his friends, he had disappeared but came back after a week, he said. During interrogation, Praveen told police that his business was badly affected during the pandemic and the consequent lockdown. "Even, he was unable to pay his rent (Rs 10,000) for the past eight months and he spent all his savings as well during this period," the SHO said. On December 1, Praveen had gone towards Delhi and even contemplated suicide.

# फर्जी आधार कार्ड बनाने वाले चाचा–भतीजे गिरफ्तार

गाजियाबाद : नगर कोतवाली पुलिस और साइबर सेल ने फर्जी आधार कार्ड बनाने के आरोप में मंगलवार सुबह चाचा–भतीजे को गिरफ्तार किया है। आरोपित पालिसी के नाम पर ठगी करनेवाले गिरोह से जुड़े हैं, जिसके नौ सदस्यों को पुलिस ने इसी हफ्ते गिरफ्तार किया था। यह गिरोह 500 व्यक्तियों से करीब 50 करोड़ रुपये की ठगी कर चुका है। आरोपित बिना दस्तावेजों के फर्जी नाम व पता डालकर आधार कार्ड बनाते थे। ठगी करने वाले इन्हीं के आधार पर बैंक खाते खुलवाकर पीडितों से पैसे जमा कराते थे। आरोपितों से हुंडई आई–20 कार, दो मोबाइल, लैपटाप, प्रिंटर, फर्जी आधार कार्ड और आधार, पैन व पहचान पत्र के ब्लैंक कार्ड मिले हैं। नगर कोतवाल संदीप सिंह ने बताया कि फर्जी आधार कार्ड बनाने के एवज में आरोपित हर डील से एक फीसद हिस्सा फैसल व शाहबाज को देते थे। ठगी के केस में भी दोनों को आरोपित बनाया गया है।



## केंद्र में कर चुके हैं काम

सीओ प्रथम अभय कुमार मिश्र ने बताया कि साहिबाबाद में पप्पू कालोनी में रहने वाले फैसल खान और उसके चाचा शाहबाज खान को गिरफ्तार किया गया है। आरोपित तीन साल पूर्व एक जन सुविधा केंद्र में काम करते थे। यहां आधार कार्ड व अन्य दस्तावेज बनाते थे। इसके बाद आरोपितों ने काम छोड़ दिया और अपने घर पर ही लैपटाप, स्कैनर व ड्क्षप्रटर लगाकर फर्जी दस्तावेज तैयार करने लगे। पालिसी बनाने वाले गिरोह के आमिर से आरोपित परिचित थे। आमिर के कहने पर आरोपित उसके लिए फर्जी आधार कार्ड बनाने लगे।

# जाम से एसएसपी, अतिक्रमण से डीएम दिलाएं निजात : सुरेश खन्ना

गाजियाबाद : उत्तर प्रदेश के वित्त, संसदीय कार्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री सुरेश खन्ना ने बुधवार को कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा गांधी सभागार में समीक्षा बैठक में मुख्य तौर पर सड़कों, चौराहों से अतिक्रमण और जाम खत्म न होने पर नाराजगी व्यक्त की। सड़कों और चौराहों को जाम और अतिक्रमण से निजात दिलाने के लिए डीएम, एसएसपी को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शहर में चौराहों पर जाम की समस्या है। जाम की वजह से अस्पताल ड्यूटी एवं आवश्यक कार्य से जाने वाले लोगों को समस्या होती है। उनके समय की बर्बादी भी होती है। शहर की एयर क्वालिटी खराब होती है। एसएसपी को उन्होंने जाम की समस्या से निजात दिलाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी को निर्देशित किया कि अतिक्रमण हटाए जाने के संबंध में जीडीए, नगर पालिका में नगर पंचायत, उप जिलाधिकारी एवं वन विभाग की टीम बनाकर एवं सर्वेक्षण कराकर कठोर एवं दंडात्मक कार्रवाई कराई जाए।

# मेरठ रोड व जीटी रोड पर लगा जाम



गाजियाबाद : मेरठ रोड व जीटी रोड पर सोमवार को जाम लग गया। आंदोलन में शामिल होने जा रहे कुछ किसानों के ट्रैक्टर–ट्राली व अवैध पार्किंग के कारण जाम लगा। पुलिस जगह–जगह जाम खुलवाने की मशक्कत करती रही। प्रतिदिन हजारों लोग जीटी रोड से होकर गुजरते हैं। सुबह और शाम को समय वाहनों की संख्या बढ़ जाती है। जीटी रोड पर अवैध रूप से वाहन पार्क हो जाते हैं। जिस कारण वाहनों का दबाव कम होने पर भी दिनभर जाम लगा रहता है। अवैध पार्किंग के कारण वाहनों को निकलने के लिए जगह नहीं मिलती। दिनभर वाहन सरक–सरक कर चलते हैं। बुधवार को भी घंटाघर व फ्लाईओवर के नीचे अवैध पार्किंग से आधी सड़क घिर गई। किसानों के ट्रैक्टर ट्राली भी धीमी गति से निकल रहे थे। जिस कारण जीटी रोड पर हरनंदी पुल, ठाकुर द्वारा फ्लाईओवर से नगर कोतवाली तक और लाल कुआं पर जाम लगा रहा। वहीं, मेरठ रोड पर भी रेपिड रेल का कार्य चलने की वजह से आधी सड़क घिर गई है। मेरठ रोड पर बहुत धीमी गति से कुछ किसानों द्वारा ट्रैक्टर–ट्राली चलाने की वजह से जाम लग गया। मोरटा लेकर मेरठ तिराहे तक जाम लगा रहा। जीटी रोड जिला एमएमजी अस्पताल है। यहां से 24 घंटे एंबुलेंस आती–जाती हैं। अस्पताल के सामने जाम लगने से एंबुलेंस फंस जाती हैं।




Printed and Published by Dheeraj Kumar Bhargav at B.F.L Inrotech Ltd, C-9, Sector-3 Noida, Distt. Gautam Budh Nagar and Published at 282, Sarai Nazar Ali, behind MMG Hospital Ghaziabad (U.P.) 201 001. Editor: Dheeraj Kumar, Resident Editor : Manisha Bhargava** Email: editor@tbam.co.in **(RNI. No) : UPBIL / 2009 / 28691 Postal Registration No. UP/GBD-80/2016- 18.** Advertisement : Ph. No. : 0120-2850800, 2850297, Fax : 0120-4561000 at 67, 1st Floor, Richpal Puri, Hapur Road, Ghaziabad (U.P.)** Responsible for selection of News under the PRB Act. Reproduction in any manner, electronic or otherwise in whole or in post without prior written permission is prohibited.